धनतेरस पर अजमेर को मिली 20 नई पीएम ई-बसों की सौगात

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने नौसर बस स्टैण्ड से दिखाई हरी झंडी

अजमेर (कासं)। धनतेरस के पावन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 20 नई प्रधानमंत्री ई-बसों की सौगात दी। उन्होंने शुक्रवार को नौसर स्थित ई-बस स्टैण्ड से इन बसों का शुभारम्भ किया। इन बसों के संचालन से आमजन को किफायती, सुरक्षित एवं प्रदूषणमुक्त सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। शहर के साथ-साथ ठाामीण क्षेत्रों को भी बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी मिलेगी।

इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि दुनियाभर में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन तेजी से बढ़ रहा है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के माध्यम से अजमेर में भी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल बनाया जा रहा है। योजना के तहत अजमेर में कुल 100 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना प्रस्तावित है। प्रथम चरण में 5 बसों का संचालन शुरू किया गया था तथा अब धनतेरस के अवसर पर 20 नई बसों की शुरुआत की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना का उद्देश्य पीपीपी मॉडल के माध्यम से शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन कर प्रदूषण कम करना तथा पैट्रोल-डीजल पर निर्भरता घटाना है। इससे आमजन को सस्ती और सुविधाजनक परिवहन सेवा उपलब्ध होने के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। देवनानी ने बताया कि आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन वातानुकूलित बसों में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन सुरक्षा प्रणाली तथा आपातकालीन बटन की व्यवस्था की गई है। दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों की सुविधा के लिए बसों में चढ़ने एवं उतरने हेतु ऑटोमेटिक गेट की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

उन्होंने बताया कि नौसर घाटी में लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक ई-बस डिपो एवं चार्जिंग स्टेशन तैयार किया गया है। यहां बसों की चार्जिंग, रखरखाव एवं संचालन के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं।

शुक्रवार को शुरू की गई नई ई-बसों के लिए निर्धारित मार्गों में वरुण सागर से तबीजी, नरवर से वरुण सागर वाया स्टीफन चौराहा, माखुपुरा से माकड़वाली वाया शास्त्री नगर, अजमेर से पुष्कर वाया लीला सेवड़ी, अजमेर से किशनगढ़ वाया गेगल, भगवंत यूनिवर्सिटी से माखुपुरा वाया कुन्दन नगर, अजमेर से पुष्कर वाया होकरा, अजमेर से अरांई वाया किशनगढ़, अजमेर से बोराड़ा वाया रामसर, तबीजी से जनाना अस्पताल वाया एमडीएस यूनिवर्सिटी, माकड़वाली से श्रीनगर-बडलिया, अजमेर से गोविन्दगढ़ वाया पुष्कर, नौसर से चन्द्रवरदाई नगर वाया रामगंज, अजमेर से ब्यावर सिटी तथा अजमेर से नसीराबाद वाया माखुपुरा शामिल हैं।

पूर्व में शुरू की गई पांच ई-बसें अजमेर बस स्टैण्ड से पुष्कर वाया होकरा, गांधी भवन से टांटोटी वाया नसीराबाद, वरुण सागर से पीसांगन वाया मांगलियावास, अजमेर से बस्सी वाया पुष्कर तथा अजमेर से नसीराबाद वाया माखुपुरा मार्गों पर संचालित हो रही हैं। इस अवसर पर महापौर अनामिका शर्मा, शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, उपायुक्त महावीर सिंह एवं भरत राज गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 20 नई प्रधानमंत्री ई-बसों की सौगात दी।

- प्रदूषणमुक्त एवं किफायती यात्रा का मिलेगा लाभ

कोटा दशहरा मेले को नई पहचान दिलाने के प्रयास : बिरला

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि कोटा का दशहरा मेला 133 साल से शहर की पहचान और सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा बना हुआ है। इसकी खासियत है कि यह केवल हाड़ौती के लोगों तक सीमित नहीं है। राजस्थान के दूरदराज के इलाकों और दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। यह मेला कई पीढ़ियों को जोड़ता है और लोगों को एक-दूसरे से मिलने का अवसर देता है।

बिरला गुरुवार को 133 वें राष्ट्रीय दशहरा मेले के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब आवागमन के साधन कम थे और दूर-दराज के गांवों तक पहुंचना आसान नहीं था, तब मेले ही लोगों के मिलने-जुलने का प्रमुख माध्यम होते थे।

समय के साथ मेले का स्वरूप बदला है, लेकिन इसकी परंपरा और लोगों का जुड़ाव आज भी कायम है। यही वजह है कि कोटा दशहरा मेला अब देशभर में अपनी पहचान बना चुका है। बिरला ने कहा कि दशहरा मेला सांस्कृतिक आयोजन के साथ हजारों छोटे दुकानदारों और कारीगरों की आजीविका से भी जुड़ा है। मेले में राजस्थान के अलावा गुजरात और दूसरे राज्यों से भी व्यापारी और हस्तशिल्प से जुड़े लोग आते हैं। कई परिवारों की कमाई ऐसे आयोजनों पर निर्भर रहती है। ये कारीगर और दुकानदार सालभर देश के अलग-अलग शहरों में लगने वाले मेलों में जाकर अपने उत्पाद बेचते हैं।

सार-समाचार

मार्बल उद्योग को नई पहचान दिलाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध : दीप्ति



राजसमंद। राजसमंद विधायक श्रीमतीदीप्ति किरण माहेश्वरी ने मार्बल गैगसा एसोसिएशन, राजसमंद द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने मार्बल उद्योग से जुड़े उद्यिमयों, व्यापारियों एवं व्यवसायियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए जिले के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और मार्बल व्यवसाय की व्यापक संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि राजसमंद का मार्बल उद्योग जिले की आर्थिक संरचना का महत्वपूर्ण आधार है। इस उद्योग ने राजसमंद को देशभर में विशिष्ट पहचान दिलाई है। मार्बल खनन से लेकर कटिंग, प्रोसेसिंग, पॉलिशिंग, परिवहन एवं विपणन तक हजारों लोगों की आजीविका इस व्यवसाय से जुड़ी हुई है। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में श्रमिकों, व्यापारियों, परिवहन व्यवसायियों और लघु उद्यिमयों को रोजगार उपलब्ध कराने में इस उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका है विधायक ने कहा कि राज्य सरकार राजसमंद के मार्बल उद्योग की समस्याओं एवं उद्यिमयों की अपेक्षाओं के प्रति संवेदनशील है। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए जाने वाले विषयों को संबंधित विभागों एवं सक्षम स्तर पर पहुँचाकर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी। राजसमंद में मार्बल उद्योगों के विकास, विस्तार और उद्यिमयों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सरकार यथासंभव हरसंभव प्रयास करेगी दीपावली स्नेह मिलन समारोह के माध्यम से उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को आपसी सौहार्द, संवाद और संगठनात्मक सहभागिता का अवसर मिला। विधायक ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सभी उद्यिमयों को दीपोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए उनके व्यवसाय में निरंतर उन्नित, समृद्धि एवं सफलता की मंगलकामना की।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला किया

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में कार सवार बदमाशों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर डंडो व लोहे के पाइप से युवक पर हमला करने का मामला सामने आया हैं, मामले में सामने आया कि कार सवार बदमाशों ने स्कूटी सवार युवक को पहले टक्कर मारी और इसके बाद युवक पर लोहे के पाईप व डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। बोरखेड़ा थाने के एएसआई देवकरण चौधरी ने बताया कि इलाके में स्थित होली फैमली अस्पताल के समीप कार सवार कुछ बदमाशों ने स्कूटी सवार युवक पर हमला कर दिया था, मामला कुछ दिन पुराना है। एएसआई ने बताया कि मामले में फरियादी इमरान ने हितेन्द्र चौधरी, मयंक कारतूस, खुश अरोरा, यश पांचाल व अन्य के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी है। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि अपने मित्र के साथ स्कूटर से जा रहा था, होली फैमली अस्पताल के समीप कार सवार कुछ जनो ने स्कूटी को टक्कर मारी और जान से मारने की नियत से लोहे के पाईप व डंडो से हमला कर दिया। एएसआई ने बताया कि प्रारंभिक जांच मे मामला पुरानी रंजिश का सामने आया है, मारपीट में युवक घायल हो गया फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है, घटना के बाद से ही हमलावर फरार चल रहे है।

धनतेरस की पूर्व संध्या पर संपन्न हुआ नेत्रदान

कोटा, (निसं)। ग्राम रीछड़िया, तहसील रामगंजमंडी निवासी बृजमोहन मेहता की धर्मपत्नी बद्री बाई का कोटा के एक निजी अस्पताल में हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। परिवार के लिए यह अत्यंत दु:खद घड़ी थी, लेकिन इस कठिन समय में भी परिवार ने मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों को सर्वोपरि रखते हुए माताजी का नेत्रदान करवाने का पुनीत निर्णय लिया। बृजमोहन मेहता का परिवार प्रारंभ से ही सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों में अग्रणी रहा है। ज्येष्ठ पुत्र मुकेश कुमार मेहता सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ मां गायत्री के उपासक भी हैं। माताजी के निधन की सूचना मिलते ही उनके मित्र एवं शाईन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र पंकज काला तथा वीरेंद्र कुमार जैन ने मुकेश मेहता से संपर्क कर माताजी के नेत्रदान का आग्रह किया। मुकेश मेहता ने तत्काल अपने छोटे भाईयों बलराम, शैलेन्द्र एवं जीतेश, बहनों रेखा एवं ज्योति मीना तथा पिता बृजमोहन मेहता से चर्चा कर सहमति प्राप्त की। परिवार के सभी सदस्यों ने धर्म, सेवा और मानवता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए सहर्ष नेत्रदान के लिए सहमति प्रदान की। परिवार की सहमति मिलते ही आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र जैन की सूचना पर शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम के कुलवंत गौड़ ने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न करवाई। शाइन इंडिया फाउंडेशन के शहर संयोजक संजय विजावत ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले 15 वर्षों से किए जा रहे निरंतर प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है।

झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर ठाामीण पुलिस ने लालच एवं प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पंकज यादव ने बताया कि परिवादी प्रशांत वर्मा ने पुलिस थाना बिलाड़ा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी के अनुसार वर्ष 2015-16 में उसका संपर्क ओडिशा निवासी सुजीत हनुमान से हुआ था। आरोप है कि सुजीत ने उसकी नशे की लत छुड़वाने और आर्थिक स्थिति सुधारने का प्रलोभन देकर उसे नियमित रूप से प्रार्थना सभाओं एवं ईसाई धर्म से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। परिवादी ने आरोप लगाया कि उसे ईसाई धर्म स्वीकार करने पर नशे की लत छूटने, आर्थिक स्थिति बेहतर होने और चमत्कारिक लाभ मिलने का भरोसा दिलाया गया। वर्ष 2018-19 में उसे बालोतरा स्थित एक कॉलेज में बाइबल से संबंधित पाठ्यक्रम करवाने के लिए भेजा गया तथा बाइबल सोसायटी ऑफ इंडिया का सदस्य बनाया गया। परिवादी ने चायपत्ती के व्यवसाय का झांसा देकर गौरा नामक महिला से संपर्क करवाने और विवाह कराने का भी आरोप लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी उसे व्हाट्सएप एवं अन्य सामाजिक माध्यमों से हिंदू धर्म के लोगों को ईसाई धर्म का प्रचार करने तथा प्रार्थना कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने को कहता था। परिवादी को जोधपुर के पाली रोड स्थित एक संस्थान में नौकरी भी दिलवाई गई, जहां उसे 14 हजार रुपए मासिक वेतन मिलता था। परिवादी का आरोप है कि वहां ईसाई धर्म से संबंधित साहित्य वितरित करने और लोगों को धार्मिक गतिविधियों से जोडने का काम किया जाता था। परिवादी ने बताया कि सितंबर 2026 में चाय व्यवसाय का लालच देकर उसे जयपुर निवासी आनंद कराडे की ओर से आयोजित ईसाई धर्म प्रचार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अजमेर स्थित डीसी सेंटर ले जाया गया। वहां चाय व्यवसाय शुरू करने के नाम पर बिना ब्याज 40 हजार रुपए का ऋण देने का प्रलोभन दिया गया। परिवादी के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य धर्म परिवर्तन करवाना था तथा इस संबंध में किसी अन्य को जानकारी नहीं देने के लिए भी कहा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज यादव ने शीघ्र खुलासा करने और संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल के सुपरविजन में कार्रवाई की गई।

धनतेरस पर दीपमाला से जगमगाई गड़ीसर झील

जैसलमेर, (नि.सं.)। स्वर्णनगरी जैसलमेर की ऐतिहासिक गड़ीसर झील धनतेरस के पावन पर्व पर दीपों की रोशनी से जगमगा उठी। दीपोत्सव के अवसर पर नगर परिषद जैसलमेर की ओर से आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान गंगा आरती, राजस्थानी लोक संगीत, दीपमाला और आकर्षक लाइटिंग शो ने झील परिसर में उत्सवी माहौल बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान गड़ीसर झील के ऐतिहासिक स्वरूप को आकर्षक रोशनी और दीपों से सजाया गया। गंगा आरती के दौरान धार्मिक वातावरण बना, वहीं लोक कलाकारों की मधुर प्रस्तुतियों ने राजस्थानी लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। दीपों से सजी झील का मनमोहक दृश्य शहरवासियों के साथ पर्यटकों के लिए भी विशेष आकर्षण रहा।

विधायक की मौजूदगी में मिनी हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण

अजमेर (कासं)। धनतेरस के पावन पर्व पर अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने शुक्रवार को पहाड़गंज स्थित सीता गौशाला चोराहा में नवनिर्मित मिनी हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण किया। इस मिनी हाईमास्क लाईट के शुरू होने से क्षेत्र में रात्रि के समय रोशनी की बेहतर व्यवस्था होगी तथा स्थानीय निवासियों व यहां से गुजरने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

विधायक अनिता भदेल ने बताया कि पहाड़गंज स्थित सीता गौशाला क्षेत्र में रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण स्थानीय निवासियों एवं राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से अंधेरा रहने से आवागमन में असुविधा होती थी। क्षेत्रवासियों की इस समस्या का ध्यान में रखते हुए यहां मिनी हाईमास्ट लाइट लगवाई गई है। इसके लोकार्पण के बाद अब क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी, जिससे लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था हो सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास केवल बड़े निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान करना भी विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जनसुविधाओं को बेहतर बनाना और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है।

- सीता गौशाला, पहाड़गंज पर पर्याप्त रोशनी होने से क्षेत्रवासियों व राहगीरों को मिलेगी राहत

खाते से निकाले 1.95 लाख

जोधपुर । शहर के यूआईटी कॉलोनी गणेश चौराहा के पास रहने वाले एक युवक को शातिरों ने क्रेडिट किश्त बंद करवाने के नाम पर लिंक भेजा।

लिंक को क्लिक किए जाने पर उसका फोन हैक हो गया और फिर खाते से 1 लाख 95 हजार से ज्यादा रूपयों की निकासी कर ली।

पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर इसकी शिकायत दी। अब प्रतापनगर सदर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करते हुए जांच आरंभ की है।

हॉलिडे मेंबर शिप के नाम पर 2.86 लाख की ठगी

जोधपुर, (कासं)। शहर के करवड़ स्थित निफ्ट के सहायक प्रोफेसर और उनकी पत्नी के साथ शातिरों ने जालसाजी करते हुए 2.86 लाख की ठगी कर ली। उन्हें हॉलिडे मेंबरशिप के नाम पर ठगा गया। घटना 1- 2 नवंबर की है। इस बारे में अब सहायक प्रोफेसर की तरफ से करवड़ थाने में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराया है।

पीड़ित डॉ. पुनीत कुमार ने क्लब एक्सोटिका लग्जरी और उसके प्रतिनिधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने ऑनलाइन साइबर हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायत और परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवादी डॉ. पुनीत कुमार ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि क्लब एक्सोटिका लग्जरी की ओर से इंस्टाग्राम पर विज्ञापन के माध्यम से उनसे संपर्क किया गया था। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधियों ने उनकी पत्नी वर्षा से फोन पर बात कर 1 नवंबर 2026 को शहर के होटल में मेंबरशिप संबंधी प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया। वहां कंपनी के तीन प्रतिनिधियों ने उन्हें 10 साल की होटल एवं हॉलीडे मेंबरशिप योजना की जानकारी दी थी। पुलिस ने प्रकरण में राखी विशिथ, शेख आदि को नामजद किया है। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण में तफ्तीश आरंभ की है।

रेलवे स्टेशन पर महाआरती 8 को

भीलवाड़ा। दीपावली के पावन पर्व को इस बार भीलवाडा शहर में और अधिक अलौकिक और भव्य बनाने के लिए नगर निगम ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम की ओर से आगामी 8 नवंबर को रात्रि 8:30 बजे रेलवे स्टेशन के पास एक विशाल व भव्य महा आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम की महापौर जसवंत कंवर और निगम आयुक्त श्री कमल सिंह यादव ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

पचगांव से भारी मात्रा में अवैध पटाखे जब्त, 15 दिन में दो बार कार्रवाई हुई

धौलपुर । दीपावली पर्व के दौरान आमजन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिलेभर में अवैध पटाखों के भंडारण, निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, जो बिना वैध लाइसेंस एवं अनुमति के विस्फोटक सामठी का भंडारण अथवा बिक्री कर आमजन की जान-माल की सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं वृताधिकारी वृत्त धौलपुर प्रदीप नेहरा के सुपरविजन में थाना सदर पुलिस द्वारा पचगांव क्षेत्र में अवैध पटाखों की बिक्री एवं भंडारण की सूचना पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में विस्फोटक श्रेणी के अवैध पटाखे जब्त किए गए हैं। जब्त पटाखों के स्वामित्व एवं संबंधित व्यक्ति की पहचान की जा रही है तथा प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। अवैध पटाखों के विरुद्ध अभियान के तहत इससे पूर्व थाना सदर धौलपुर पुलिस द्वारा ग्राम पचगांव में दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए बिना लाइसेंस बारूदयुक्त हस्तनिर्मित एवं अर्धनिर्मित पटाखों का अवैध भंडारण एवं बिक्री करने वाले दो व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी। थाना सदर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पचगांव तिराहे पर एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे में बारूदयुक्त अवैध पटाखे रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति चांद खान पुत्र शंकेरिया, निवासी पचगांव को पकडा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से करीब 14 किलोठााम हस्तनिर्मित बारूदयुक्त पटाखे बरामद हुए। संबंधित व्यक्ति से पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के संबंध में वैध लाइसेंस अथवा अनुमति मांगी गई, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसी प्रकार थाना सदर पुलिस को ठााम पचगांव के वार्ड नंबर 1 में एक व्यक्ति द्वारा आबादी क्षेत्र में अवैध रूप से बारूदयुक्त पटाखे बेचने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर असगर पुत्र शंकरिया, निवासी पुरानी छावनी को पकडा। उसके कब्जे में मिले प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी लेने पर करीब 15 किलोठााम हस्तनिर्मित अर्धनिर्मित बारूदयुक्त पटाखे बरामद हुए। संबंधित व्यक्ति के पास भी पटाखों के भंडारण एवं बिक्री का कोई वैध लाइसेंस अथवा अनुमति नहीं पाई गई। उक्त दोनों प्रकरणों में बिना लाइसेंस विस्फोटक सामठी का कब्जा रखने एवं बिक्री करने तथा आमजन के जीवन को संकट में डालने के संबंध में थाना सदर धौलपुर पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 288 एवं विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9बी के तहत विधिक कार्रवाई की गई। आज की आगजनी की घटना से जुडे व्यक्तियों के विरुद्ध पूर्व में भी हो चुकी थी पुलिस कार्रवाई उल्लेखनीय है कि आज ठााम पचगांव में अवैध पटाखों में आग लगने की घटना से संबंधित असगर एवं चांद खां के विरुद्ध थाना सदर धौलपुर पुलिस द्वारा पिछले करीब 15 दिनों के दौरान पूर्व में भी दो अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई की जा चुकी थी। पुलिस द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर 2026 को असगर के कब्जे से करीब 15 किलोठााम हस्तनिर्मित अर्धनिर्मित बारूदयुक्त पटाखे तथा दिनांक 25 अक्टूबर 2026 को चांद खां के कब्जे से करीब 14 किलोठााम हस्तनिर्मित बारूदयुक्त पटाखे जब्त किए गए थे। दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध बिना वैध लाइसेंस विस्फोटक सामठी का भंडारण एवं बिक्री करने के संबंध में भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की गई थी।



थाना सदर पुलिस ने पूर्व में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में दोनों व्यक्तियों के कब्जे से करीब 29 किलोग्राम हस्तनिर्मित एवं अर्धनिर्मित बारूदयुक्त पटाखे जब्त किए ।

- पचगांव में अवैध पटाखों में आग लगने की घटना से जुड़े असगर एवं चांद खां के विरुद्ध धौलपुर पुलिस पिछले करीब 15 दिनों में दो बार कर चुकी है कार्रवाई

त्योहारी भीड़ से निपटने को रेलवे अलर्ट

जोधपुर, (कासं)। दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर जोधपुर रेलवे स्टेशन पर बढ़ती यात्री भीड़ के प्रबंधन के लिए रेलवे ने व्यापक इंतजाम किए हैं। यात्रियों की आवाजाही सुचारू रखने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की गई है। जीआरपी और आरपीएफ को भी मुस्तैद रखा गया है।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में स्थापित वार रूम से स्टेशन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। यहां से सर्कुलेटिंग एरिया,टिकट घर, पार्सल कार्यालय,ऊपरी पैदल पुलों,लिफ्ट,एस्केलेटर और प्रतीक्षालयों सहित सभी पांचों प्लेटफॉर्म की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं,आरपीएफ जोधपुर पोस्ट पर भी कैमरों के जरिए स्टेशन परिसर की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है,ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशानुसार भीड़ प्रबंधन के लिए ट्रेनों को निर्धारित प्रस्थान समय से काफी पहले प्लेटफॉर्म पर लगाने की व्यवस्था की गई है। विशेष रूप से उत्तर दिशा की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से कोच में बैठाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए टिकट चेकिंग स्टाफ की भी तैनाती की गई है।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे ट्रेन में चढ़ने और उतरने के दौरान जल्दबाजी न करें तथा अनावश्यक चेन पुलिंग से बचें।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर
प्रशासनिक खण्ड नागौर रोड, कडवड़, जोधपुर (पिन नं. 342037)
Web side : www.raujodhpur.org , E-mail- dsrrau.ao@gmail.com
क्रमांक :- रा.आ.वि./जोध/लेखा/निविदा/2026-27/403 दिनांक :- 03/11/2026
Corrigendum / Addendum
TENDER FOR E-PROCUREMENT for Man Power (Two Year) at DSRRAU, Jodhpur UBN No. AUJ2627SLRC00033 are invited from interested bidders up to Date 12.11.2026 till 2:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website : https://sppp.rajasthan.gov.in/ and https://eproc.rajasthan.gov.in/.
कुलसचिव
राज.संवाद/सी/26/13068 (डॉ. एस.आर. राजस्थान आयु. वि.वि., जोधपुर)

कार्यालय नगर पालिका, सिवाना (जिला-बालोतरा)
क्रमांक: नपासि/सफाई/2026/2408 दिनांक: 03.11.2026
ई-निविदा सूचना
नगर पालिका सिवाना क्षैत्र में विभिन्न सफाई कार्यो हेतु क्रेन्द्र एवं राज्य सरकार के विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदकों से ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया से ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते पालिका कार्यालय नोटिस बोर्ड, पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर जरीये यूबीएन नं. DLB2627WSOB23702, 23704 द्वारा देखी जा सकती है तथा बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
अध्यक्ष
नगर पालिका सिवाना
राज.संवाद/सी/26/13052
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सिवाना

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मेडतासिटी
ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या 08 वर्ष 2026-27
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सा.नि.वि. खण्ड मेडतासिटी के अधीन राजकीय आवासीय /गैर आवासीय भवनों में मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि सार्वजनिक निर्माण विभाग, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे या राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / विभागों जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी एंव डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्यो ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी / ई-निविदा से संबंधित विवरण वेब साईट http://www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://www.eproc.rajasthan. gov.in व http://www.pwd.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
कार्यवार UBN सरका नम्बर निम्नानुसार है :-
NIB CODE: PWD2627A3420
UBN No.- 1. PWD2627WSOB15353, 2. PWD2627WSOB15354
3. PWD2627WSOB15355, 4. PWD2627WSOB15356
5. PWD2627WSOB15357, 6. PWD2627WSOB15358
(मुकेश बेडा)
अधिशाषी अभियंता,
सा.नि.वि. खण्ड मेडतासिटी
DIPR/C/18262/2026